पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राजभवन में 78वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया गया आयोजन

राजभवन व उम्मीद संस्था के बच्चे, कर्मचारी, सुरक्षाकर्मी तथा भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा दी गई मनमोहक प्रस्तुतियाँ

विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए पर्यावरण, जल, नदी संरक्षण, शिक्षा, तथा स्वच्छता का संकल्प लें

ऐसे खुशहाल भारत का निर्माण हो जहाँ शुद्ध पेय जल, सभी को स्वास्थ्य, शिक्षा तथा गाँव और शहर में एक समान सुविधा प्राप्त हो

–राज्यपाल, श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊ : 14 अगस्त, 2024

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की गरिमामयी उपस्थिति में आज राजभवन में 78 वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर राज्यपाल जी ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए सभी प्रस्तुतियों की सराहना की एवं कहा कि प्रस्तुतियों का विषय पर्यावरण, जल संरक्षण तथा स्वतंत्रता संग्राम है, जिससे सीख लेकर पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता के प्रयास किए जाने चाहिए। राज्यपाल जी ने कहा कि वर्तमान पर्यावरणीय संकट मानव लालसा का परिणाम है। उन्होंने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत के सपने

को साकार करने के लिए सभी को पर्यावरण, जल, व नदी संरक्षण, शिक्षा, तथा स्वच्छता का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति का संकल्प भारत को विकसित बना सकता है। राज्यपाल जी ने कहा कि ऐसे खुशहाल भारत का निर्माण हो जहाँ शुद्ध पीने की पानी की उपलब्धता, सभी को स्वास्थ्य, शिक्षा तथा गाँव और शहर में एक समान सुविधा प्राप्त हो।

सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम में आज 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' के अवसर पर 02 मिनट का मौन रखा गया तथा 'भारत के बाघ हमारे गौरव हमारे जिम्मेदारी' पर एक डॉक्यूमेंट्री का भी प्रस्तुतीकरण किया गया। आज के सांस्कृतिक कार्यक्रम में उच्च प्राथमिक विद्यालय राजभवन एवं उम्मीद संस्था के बच्चे, राजभवन के कर्मचारी, सुरक्षाकर्मी, अध्यासित बच्चे, भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत, वृक्षारोपण के महत्व, प्रकृति की सुंदरता व पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, शहीदे आजम उधम सिंह पर कठपुतली नाटक, पर्यावरण जागरूकता पर नाट्य प्रस्तुति, चिपको आंदोलन तथा राजभवन में कार्यरत निरीक्षक, श्री कुलदीप सिंह द्वारा आजादी के संघर्ष एवं वीर सपूतों के बलिदानों पर जोशीली काव्य प्रस्तुति दी गई।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री राज्यपाल डॉ0 सुधीर महादेव बोबडे, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा डॉ0 पंकज एल0 जानी, राजभवन के समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं अध्यासितगण तथा बच्चे उपस्थित रहे।

संपर्क सूत्र :
कृष्ण कुमार,
सूचना अधिकारी, राजभवन
मो0 : 9454468250

Har Ghar
Tiranga
राजभवन
सांस्कृतिक कार्यक्रम